संक्षिप्त

यार्ड रीमॉडलिंग का कार्य पूर्ण

कोटा, (निसं)। मंडल में डीआरएम अनिल कालरा के मार्गदर्शन में परिचालन दक्षता बढ़ाने एवं सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए बुनियादी ढांचों को मजबूत करने की दिशा में निरंतर प्रबलता से कार्य किया जा रहा है। इसी कड़ी में कोटा मंडल में 8 स्टेशनों के यार्ड ले-आउट संशोधित करने का लक्ष्य वर्ष 2025-2026 में निर्धारित किया गया है। यार्ड ले-आउट रेलवे के बुनियादी ढांचे के महत्वपूर्ण घटक हैं जहाँ ट्रेनों के मार्शलिंग, असेम्बलिंग एवं लाइन परिवर्तन का कार्य किया जाता है। समय के साथ कई यार्डों में वर्तमान डिजाइन मानकों, बढ़ी हुई यातायात मांग, तकनीकी प्रगति और परिचालन परिवर्तनों के कारण यार्ड लेआउट का पुनः डिजाईन और रीमॉडलिंग करने का निर्णय लिया गया। जिससे परिचालन में देरी, डीलिंग स्टॉक की बढ़ी हुई रुकावट, लाईन क्षमता में कमी और सुरक्षा संबंधी चिंताएँ जैसी आधुनिक परिचालन आवश्यकताओं की पूर्ति हो सकेगी। कोटा मंडल के झालावाड़ रोड़ एवं सालपुरा स्टेशनों के 02 ले-आउट के संशोधित करने का कार्य चालू वित्तीय वर्ष के प्रथम माह अप्रैल में किया जा चुका है तथा शेष सवाई माधोपुर, श्री महावीरजी, केशोरायपाटन, बयाना, भूलोन एवं पिंलोंदा जैसे 6 स्टेशनों के यार्ड ले-आउट संशोधित करने का कार्य तीव्र गति से चल रहा है जिसे निर्धारित लक्ष्य समय सीमा के भीतर पूर्ण कर लिया जायेगा।

फायरिंग में बाल-बाल बचे

कोटा, (निसं)। विज्ञान नगर थाना इलाके में देर रात्रि को एक हिस्ट्रीशीटर ने दो जनो पर फायरिंग की जिसमे वह बाल-बाल बच गये। युवक ने फायरिंग का मामला विज्ञान नगर थाने मे दर्ज कराया है। विज्ञान नगर थानाधिकारी मुकेश मीणा ने बताया कि विज्ञान नगर इलाके के उड़िया बस्ती निवासी सोहेल पठान ने रिपोर्ट दी है रिपोर्ट में कहा कि उड़िया बस्ती में वह एक अन्य के साथ घर के बाहर खड़ा था तभी जुबैर उर्फ जुब्बी आया और उन पर फायरिंग कर दी। थानाधिकारी ने बताया कि फरियादी की रिपोर्ट पर मामला दर्ज कर आरोपी की तलाश की जा रही है। शहर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक दिलीप सैनी ने बताया कि दोनों के बीच आपसी विवाद का मामला है। मुदकमा दर्ज कर आरोपी की तलाश की जा रही है।

युवा संघ के चुनाव संपन्न

कोटा, (निसं)। कोटा भार्गव युवा संघ की बैठक शारदा भार्गव सभा भवन झालावाड़ रोड़ पर संपन्न हुई। जिसमें कोटा भार्गव युवा संघ के सत्र 2025-27 के लिए कार्यकारिणी का गठन किया गया। जिसमें अमित भार्गव को अध्यक्ष एवं किशोर भार्गव को सचिव एवं पायल भार्गव को कोषाध्यक्ष निर्विरोध चुना गया। इसी तरह कनिका भार्गव एवं पूर्वा भार्गव को उपाध्यक्ष, हर्षिता भार्गव को सांस्कृतिक सचिव एवं प्रदीप भार्गव को खेल सचिव निर्विरोध चुना गया। सभी निर्वाचित पदाधिकारियों का पूर्व अध्यक्ष ध्रुव भार्गव द्वारा माला पहनाकर स्वागत किया गया।

वार्षिक उत्सव मनाया

रामगंजमंडी, (निसं)। मंगलम महिला मण्डल वेलफेयर सोसायटी मोड़क ने अध्यक्षा विभा सचान एवं संयुक्त अध्यक्षा शशी मंडोत के मार्गदर्शन में वार्षिक उत्सव मनाया। मंडल की पीआरओ स्नेहा पालीवाल के अनुसार कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सुनील सचान एवं अनिल मंडोत एवं सभी वरिष्ठ पदाधिकारी गण उपस्थित रहे। जिनका कमेटी की सदस्याओं द्वारा पुष्प गुच्छ प्रदान कर स्वागत किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत मुख्य अतिथि द्वारा दीप प्रज्वलन कर की गई। तत्पश्चात् ईश वन्दना ज्योत्स्ना महापात्रा द्वारा प्रस्तुत की गई। क्लब की अध्यक्षा विभा सचान द्वारा स्वागत भाषण प्रस्तुत किया गया। जिसमे मंडल की गतिविधियों पर नजर डाली गई। कार्यक्रम में नारी शक्ति, महमूद की कॉमेडी, लावणी एवं यदा यदा ही.. और माधुरी दीक्षित के चुनिंदा नृत्य प्रस्तुत किए गए। सांस्कृतिक कार्यक्रम ने दर्शकों का मन मोह लिया। रंगारंग कार्यक्रम की प्रस्तुति इन सदस्याओं द्वारा दी गई सीमा प्रजापति, ज्योति नागर, पूजा लखारा, योगिता वैष्णव, सावित्री दाधीच, प्रियंका शर्मा, साधना धाकड़, रितु चतुर्वेदी, माला निर्मल, किरण मालपानी, दीपिका चोटिया, दीप्ति चतुर्वेदी, नेहा राठौड़ वहीं मंच संचालन रचना मिश्रा एवं नेहा भार्गव द्वारा किया गया। मंडल सचिव संगीता सनाढ्य द्वारा वार्षिक रिपोर्ट प्रस्तुत की गई। जिसमे वर्ष भर के कार्यक्रम एवं सामाजिक सरोकार के कार्यक्रमों की रुपरेखा प्रस्तुत की गई।

रिश्वतखोर अधिशासी अभियंता के यहां मिली करोड़ों की संपत्ति

■ **भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो कोटा की टीम ने बारां में सार्वजनिक निर्माण विभाग के अधिशासी अभियंता अजय सिंह को 5 लाख की रिश्वत लेते हुए रंगे हाथों गिरफ्तार किया था।**

कोटा, (निसं)। भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो कोटा की टीम ने बारां में सार्वजनिक निर्माण विभाग के अधिशासी अभियंता अजय सिंह को 5 लाख की रिश्वत लेते हुए रंगे हाथों गिरफ्तार किया था। पकड़े गये अधिशाषी अभियंता को टीम ने मंगलवार को न्यायालय में पेश किया जहां से आरोपी को न्यायिक अभिरक्षा में भेज दिया गया। वहीं इस मामले में उनके कोटा के बजरंग नगर इलाके में स्थित घर की भी तलाशी की गई थी। इसमें काफी कुछ एसीबी की टीम को मिला है। भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो के कोटा के अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक विजय स्वर्णकार ने बताया कि बारां में ट्रैप होने के बाद ही एसीबी की कोटा की दूसरी टीम को आरोपी एक्सईएन अजय सिंह के घर पर भेजा गया था। जहां पर एएसपी गोपाल सिंह कानावत के नेतृत्व में तलाशी ली गई है। ऐसे में उसके घर पर करीब 40 लाख रुपए की फिक्स्ड डिपॉजिट मिली है। साथ ही 2 लाख नगद और तीन भूखंड के कागज मिले हैं।

यह भूखंड चंद्रसेल योजना के है जिन्हें कोटा विकास प्राधिकरण ने हाल ही में लॉन्च किया था। इसके अलावा दो चार पहिया वाहन मिले हैं। घर पर दो लाख की नकदी भी मिली है। ट्रैप होने के बाद सर्किट हाऊस में आरोपी के सूटकेस से 50 हजार और मिले थे। इसके अलावा बजरंग नगर में उनका खुद का मकान है। कुल मिलाकर ढाई करोड़ से ज्यादा की संपत्ति उनके पास मिली है। अब आरोपी के बैंक खातों और लॉकर के अलावा अन्य इन्वेस्टमेंट के कागज मिल सकते हैं। ऐसे में उन्हें जल्द ही खुलवाया जाएगा। एसीबी के हत्थे चढ़े एक्सईएन अजय सिंह अक्टूबर महीने में सेवानिवृत होने वाले थे।

वह मूल रूप से यूपी के रहने वाले हैं। साथ ही पीडब्ल्यूडी में जूनियर इंजीनियर के पद पर नौकरी उनकी लगी थी। इसके बाद ज्यादातर हाड़ौती में ही उन्होंने सर्विस की है।

प्रमोशन या फिर ट्रांसफर होने पर जगह जरूर बदली लेकिन वह हाड़ौती के बाहर नहीं गए। अजय सिंह ने अपनी करीब 30 साल की नौकरी में हाड़ौती के एक से दूसरे जिले में पदस्थापित होते रहे हैं। अब सेवानिवृत्ति को 5 महीने ही बचे हुए थे उसके पहले ही एसीबी ने उन्हें ट्रैप कर लिया है।

बचे भुगतान का 3 फीसदी कमीशन-बारां जिले में ही मेरमाचाह से चौकी बोरदा इलाके में सड़क निर्माण संवेदक ने किया था। इसकी एवज में ही आरोपी एक्सईएन पैसा मांग रहा था। इस निर्माण का कांटेक्ट 28 करोड़ में हुआ था

जिसमें से 7 करोड़ का भुगतान बचा हुआ था। यह काम साल 2021 में स्वीकृत हुआ था जिससे 2 साल के तहत समय में 2023 में ही उसने पूरा कर दिया था। जिसमें सड़क चौड़ा करना और पुलिया निर्माण का यह कार्य था। ठेकेदार का कहना है कि यह काम पूरा काफी पहले हो गया था। इस कार्य के शेष 7 करोड़ रुपए के तीन फीसदी कमीशन की मांग एक्सईएन कर रहा था। इस भुगतान के लिए वह बीते 2 साल से चक्कर काट रहा है। ठेकेदार कहना है कि शेष बचे 7 करोड़ के भुगतान की एवज में वह 20 लाख रुपए मांग रहा था।

आरोपी एक्सईएन ने पूरे ही पैसे लेना तय किया था। एएसपी विजय स्वर्णकार का कहना है कि आरोपी ने पूरे 20 लाख रुपए ही लेने वाला था लेकिन परिवादी केवल 5 लाख रुपए ही जुटा पाया था। ऐसे में उन्हें ही देने पहुंच गया। आरोपी एक्सईएन ने यह राशि अपने पास सर्किट हाउस के रूम नंबर 107 में रख ली। परिवादी का इशारा मिलते ही एसीबी की टीम ने आरोपी को दबोच लिया था।

सार-समाचार

पुलिस ने शुरू की आरोपियों की तलाश

बून्दी। बूंदी जिले के नैनवा क्षेत्र में सोमवार रात शादी समारोह में डीजे पर नाचने की बात को लेकर झगड़े में एक युवक की चाकू मारकर हत्या कर दी गई. सूचना पर देर रात नैनवा पुलिस मौके पर पहुंची और शव अस्पताल की मोर्चरी में रखवाया. घटना के बाद गांव में अतिरिक्त पुलिस बल तैनात किया गया. पुलिस ने मृतक के जीजा की रिपोर्ट पर आधा दर्जन लोगों के विरुद्ध हत्या का केस दर्ज किया. पुलिस की आरोपियों की तलाश में जुटी है. मंगलवार सुबह नैनवा अस्पताल में शव के पोस्टमार्टम को लेकर मृतक और पुलिस-प्रशासन में वार्ता हुई. घटना स्थल से साक्ष्य जुटाने के लिए बूंदी से एफएसएल व एमओबी टीम मौके पर पहुंची. फिलहाल गांव में शांति है। नैनवा थाना प्रभारी कमल बंजारा ने बताया कि क्षेत्र के लक्ष्मीपुरा में मीणा समाज में शादी थी. इसमें डीजे पर नाचने की बात को लेकर कुछ युवकों ने अरनिया निवासी खुशीराम मीणा (27) पुत्र जर मीणा पर चाकू से हमला कर दिया. घायल को ननवा अस्पताल लाया गया, लेकिन चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया।इधर, घटना से गांव में रोष फैल गया. थाना प्रभारी बंजारा ने जाप्ते के साथ समय पर पहुंचकर लोगों को शांत कराया. एसएचओ ने आक्रोशित ठामीणों को भरोसा दिलाया कि आरोपी जल्द पुलिस गिरफ्त में होंगे। थाना प्रभारी बंजारा ने बताया कि अरनिया निवासी खुशीराम मीणा सोमवार को अपनी बहन के पास लक्ष्मीपुरा आया था. पड़ोस में शादी थी. रात को दूल्हे की बिंदोरी निकल रही थी. उस पर डीजे पर बज रहे गाने पर डांस को लेकर उसका कुछ लोगों से विवाद हो गया. विवाद इतना बढ़ गया कि युवकों ने खुशीराम को चाकू मार दिया। मामले में मृतक खुशीराम के जीजा रामबिलास ने नैनवा पुलिस को रिपोर्ट दी. रामबिलास ने आधा दर्जन लोगों पर साले खुशीराम की हत्या का आरोप लगाया. उधर पुलिस ने आरोपियों की तलाश शुरू कर दी. थाना प्रभारी बंजारा ने बताया कि आरोपियों की धरपकड़ के लिए अलग अलग पुलिस टीम लगा दी है. जल्द आरोपी पुलिस हिरासत में होंगे. वहीं पुलिस अधीक्षक राजेंद्र कुमार मीणा पूरे मामले पर निगाह रखे हुए हैं उन्होंने आरोपियों की जल्द गिरफ्तारी के निर्देश दिए हैं।

सामूहिक विवाह सम्मेलन आज, 51 जोड़े बनेंगे

कोटा, (निसं)। श्री देवनारायण मंदिर ट्रस्ट गणेश नगर कोटा के तत्वाधान में वीर गुर्जर सामुहिक विवाह सम्मेलन आज श्री देवनारायण भगवान बड़ा मंदिर गणेश नगर में आयोजित किया जाएगा। वीर गुर्जर सामुहिक विवाह सम्मेलन के अध्यक्ष शिवराज गुंजल ने बताया कि सम्मेलन में 51 जोड़े परिणय सूत्र में बंधेंगे। अध्यक्ष शिवराज गुंजल ने बताया कि सम्मेलन की तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। समिति के पदाधिकारियों संयोजक हरीश खटाणा, लोकेश पोसवाल, सह संयोजक महावीर धगाल, नन्दलाल कसाणा, महामंत्री हंसराज बोड, जोधराज कोली, वरिष्ठ उपाध्यक्ष रणवीर हूण, सांवरिया गुर्जर, उपाध्यक्ष महावीर बडियावल, कोषाध्यक्ष सुरेंद्र खोडवा मायजा, यशवंत गुर्जर नंदकिशोर खटाना, सूरज गुर्जर, मानसिंह गुर्जर, देवराज गुर्जर ने व्यवस्थाओं का जायजा लिया। जिसमें वर-वधु पक्ष को समिति द्वारा दिये जाने वाले दहेज का सामान, टेन्ट व्यवस्था एवं भोजनशाला की व्यवस्था को देखा।

2 नाबालिग का बाल विवाह रुकवाया

कोटा, (निसं)। बाल अधिकारिता विभाग के सहायक निदेशक रामराज मीणा ने बताया कि जिला प्रशासन, बाल अधिकारिता विभाग,चाईल्ड हेल्पलाईन, सृष्टि सेवा समिति टीम ने मोड़क थाना क्षेत्र में हो रहे दो नाबालिक बहनों का बाल विवाह मौके पर जाकर रुकवाया। जिला बाल संरक्षण इकाई कोटा के सहायक निदेशक रामराज मीणा ने बताया कि जिला प्रशासन द्वारा अज्ञात कॉलर के माध्यम से मोड़क थाना क्षेत्र में हो रहे बाल विवाह की सूचना मिली थी।

भगवान परशुराम का किया दुग्धाभिषेक

कोटा, (निसं)। ब्राह्मण समाज कोटा महानगर द्वारा अक्षय तृतीया के अवसर पर प्रातः ब्रह्म मुहूर्त में बालाजी नगर स्थित परशुराम वाटिका में विष्णु के छठे अवतार भगवान परशुरामजी का 21 विद्वान पंडितों द्वारा मंत्रों के साथ पंचामृत से अभिषेक कर भगवान परशुराम के मनोहर श्रृंगार किया गया। ब्राह्मण समाज के सभी पदाधिकारी ने भगवान परशुराम के मंदिर पर 51 किलो दूध दही शहद शक्कर गंगा जल से अभिषेक कर मनमोहक श्रृंगार कर महाआरती की गई एवं प्रसाद वितरित किया इस अवसर पर कोटा दक्षिण विधायक संदीप, पूर्व यूआईटी चेयरमैन रविंद्र, गोदावरी धाम के महंत शैलेंद्र भार्गव ब्राह्मण कल्याण परिषद के संयोजक अनिल तिवारी, सर्व ब्राह्मण समाज के अध्यक्ष राजेंद्र गौतम, अखिल ब्राह्मण महासभा के अध्यक्ष रामस्वरूप ब्राह्मण कल्याण परिषद के संभागीय अध्यक्ष ब्रजराज गौतम शहर अध्यक्ष धर्मेंद्र दीक्षित पंडित विवेक गौतम आदि उपस्थित रहे।

'साहस, आक्रामकता और युद्ध कौशल के साथ शांति धैर्य और विवेक जैसे कई गुणों से युक्त थे भगवान परशुराम'

कोटा, (निसं)। गौतम समाज दादाबाड़ी द्वारा गौतम वाटिका मैं परशुराम जयंती का कार्यक्रम किया गया। इस अवसर पर भगवान परशुराम की तस्वीर रखकर पूजा-अर्चना की गई, सभी समाज बंधुओं ने परशुराम भगवान की पूजा अर्चना में भाग लिया। गौतम समाज दादाबाड़ी के सभी सदस्य पदाधिकारी एवं राष्ट्र कार्यकारिणी के पदाधिकारी समाज के प्रबुद्ध जन उपस्थित हुए, पूजा-अर्चना के बाद समाज के लोगों ने एक गोष्ठी की गई जिसमें भगवान परशुराम के जीवन के बारे में चर्चा की गई। उनका जन्म किन परिस्थितियों में और कहां हुआ उनके माता-पिता कौन थे उनके जीवन में उन्होंने क्या-क्या कार्य, क्या-क्या पराक्रम दिखाएं इन सभी बातों पर चर्चा की गई। इस अवसर पर प्रदेश अध्यक्ष विशाल शर्मा, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष कुंज बिहारी गौतम ने बताया कि भगवान परशुराम के जन्म के संबंध में दो कथाएं प्रचलित है, हरिवंशपुराण के अनुसार इन्हीं में से एक कथा इस प्रकार है कि पौराणिक काल में माहिष्मती नगरी पर हैययवंशी क्षत्रिय कार्तिकवीर्य अर्जुन (सहस्त्रबाहु) का शासन था' वह बहुत अत्याचारी शासक था' सहस्त्रबाहु अर्जुन ने अनेकों प्रकार की सेवा-पूजा कर भगवान नारायण के अंशावतार दत्तात्रेय को प्रसन्न कर उनसे एक हजार भुजाएं तथा युद्ध में अपराजित रहने का वरदान प्राप्त कर लिया, जब क्षत्रिय राजाओं का अत्याचार बहुत बढ़ गया तो पृथ्वी माता भगवान विष्णु के पास गई और अत्याचारियों का नाश करने का आग्रह किया, तब भगवान विष्णु ने उन्हें वचन दिया कि वह धर्म की स्थापना के लिए महर्षि जमदग्नि के पुत्र के रूप में अवतार लेकर अत्याचारियों का सर्वनाश करेंगे' राष्ट्रीय उपाध्यक्ष जगमोहन गौतम ने बताया कि भगवान परशुराम जो विष्णु के छठे अवतार माने जाते हैं, एक शक्तिशाली और वीर व्यक्ति थे, उनका जन्म ऋषि जमदग्नि और माता रेणुका के घर हुआ था, उनके पिता ने उन्हें क्षत्रियों के विनाश के लिए प्रशिक्षित किया था, परशुराम ने अपने परशु से अनेक अत्याचारियों का विनाश किया' राष्ट्रीय महासचिव जितेंद्र गौतम ने बताया कि परशुराम के बारे में कहा जाता है कि साहस आक्रामकता और युद्ध कौशल के साथ-साथ शांति धैर्य और विवेक जैसे कई गुणों से युक्त थे। वह ब्राह्मणों, बच्चों, महिलाओं, बूढ़ों और समाज के अन्य कमजोर वर्गों के प्रति अपने दयालुता दिखाने के लिए जाने जाते थे।

इस अवसर पर वरिष्ठ भाजपा नेता हीरेंद्र शर्मा, जिला महामंत्री प्रवीण पंचोली, गौतम वाटिका के अध्यक्ष श्याम बिहारी शर्मा, महामंत्री रमेश चंद शर्मा, युवक संघ के प्रदेश उपाध्यक्ष रोहित गौतम, डॉ. आर सी, राजेंद्र मोहन गौतम, डॉ विजय पंचोली, राधेश्याम गौतम, रवि गौतम, रमेश गौतम, बृजमोहन गौतम, सत्यनारायण गौतम, प्रद्युम्न गौतम, सुरेंद्र कुमार दुबे, दिनेश दुबे, रामचंद्र गौतम, श्याम लाल शर्मा, नरेश चंद्र गौतम, सुरेश गौतम, श्याम स्वरूप शर्मा, आशीष शर्मा, कैलाश गौतम आदि समाज बंधु उपस्थि हुए।

सेन्ट जोसक पब्लिक स्कूल में एक और नवाचार

कोटा,(निसं)। बैराज रोड स्थित सेन्ट जोसफ़ पब्लिक स्कूल में एक और नवाचार किया गया। सेन्ट जोसफ स्कूल ने इन सर्विस ट्रेनिंग व सर्टीफिकेशन की परम्परा चालू कि है जिसके अंर्तगत हर 15 दिन में सेन्ट जोसफ में कार्यरत हर एक शिक्षक व शिक्षिका को विद्यालय द्वारा आयोजित ट्रेनिंग प्रोग्राम्स को अटेण्ड करना अनिवार्य बना दिया है। यह इसलिए किया गया है कि बदलते समय के साथ बच्चों के एज्युकेशन की जरूरतें भी बदल रही हैं किन्तु शिक्षक को अपनी डिग्री किए हुए कई साल बीत चुके हैं व इस दौरान उनकी स्किल्स में कोई इज़ाफा नहीं हो पाया है। इस बार उनकी पुरानी नोलेज अप्रासंगिक हो जाती है। अतरू सेन्ट जोसफ हर 15 दिवस में अपने शिक्षकों का इन सर्विस सेमिनार आयोजित करेगा जो विभिन्न विषयों पर होगा जैसे कि कैपिसिटी बिल्डिंग, डिजिटल क्रिएशन, इफेक्टिव डिलीवरी ऑफ़ नोलेज,इनोवेशन इन एक्सप्लेनेशन, लर्न विथ फन आदि इसी क्रम में मंगलवार को केपेसिटी बिल्डिंग पर ट्रेनिंग सेमिनार आयोजित किया गया। इस सेमिनार में 52 शिक्षकों ने भाग लिया व ट्रेनिंग डॉ.अजय शर्मा (चेयरमैन) व अचला शर्मा (प्रिंसिपल) ने आयोजित किया।

गांधी सागर बांध से राणा प्रताप सागर बांध में आएगा लगभग 892 एमसीयूएम जल

कोटा, (निसं)। मध्यप्रदेश के गांधी सागर बांध से रावतभाटा स्थित राणा प्रताप सागर बांध में लगभग 892 मिलियन घन मीटर (एमसीएम) जल आएगा। राजस्थान सरकार ने मध्यप्रदेश सरकार की मांग पर उनकी महत्त्वाकांक्षी पंप स्टोरेज परियोजना के निर्माण के लिए गांधी सागर बांध का जलस्तर घटाने के परिप्रेक्ष्य में अहम निर्णय लिया है। मध्यप्रदेश सरकार द्वारा आगामी सप्ताह में ही गांधी सागर बांध से जल प्रवाह कार्य शुरू किए जाने की संभावना है।

उल्लेखनीय है कि इस सम्बंध में प्रमुख अभियंता जल संसाधन विभाग, मध्यप्रदेश ने 29 मार्च, 2025 को जल संसाधन विभाग, राजस्थान को पत्र लिखा था। इसमें गांधी सागर बांध के जलस्तर को कम करने के लिए राजस्थान सरकार से अनुरोध किया गया था। वर्तमान में (25 अप्रेल, 2025 की स्थिति) गांधी सागर बांध का जलस्तर 395.003 मीटर है।

राणा प्रताप सागर में ही गुंजाइश-चंबल नदी प्रणाली के तहत राजस्थान में राणा प्रताप सागर बांध, जवाहर सागर बांध और कोटा बैराज स्थित हैं। तीनों ही जगह जल भंडारण की क्षमता सीमित है। वर्तमान में उपलब्ध जलस्तर के अनुसार, राणा प्रताप सागर बांध में लगभग 892 एमसीएम, जवाहर सागर बांध में 10.76 एमसीएम और कोटा बैराज में 3.60 एमसीएम तक ही जल संग्रहित किया जा सकता है। ऐसे में गांधी सागर बांध से राणा प्रताप सागर बांध में उपलब्ध शेष भराव लगभग 892 एमसीएम की सीमा तक ही जल प्रवाहित किया जा सकेगा। ग्रीष्मकाल के दृष्टिगत रहेगा उपयोगी-राजस्थान सरकार ने व्यापक विश्लेषण एवं भविष्य की आवश्यकताओं के दृष्टिगत महत्वपूर्ण निर्णय लिया है। राणा प्रताप सागर बांध में संग्रहित जल आगामी ग्रीष्मकाल में पेयजल, सिंचाई और औद्योगिक जरूरतों को पूरा करने में उपयोगी साबित होगा। राणा प्रताप सागर बांध से विद्युत उत्पादन के लिए भी जल का समुचित उपयोग सुनिश्चित किया जा सकेगा। जल संसाधन मंत्री सुरेश सिंह रावत ने कहा कि यह निर्णय हमारी सरकार की दूरदर्शी नीति, जल आवश्यकताओं और परस्पर सहयोग की दृष्टि से लिया गया है। भविष्य में भी दोनों राज्यों के बीच जल संसाधनों के समुचित प्रबंधन और उपयोग के लिए समन्वय बना रहेगा।

भगवान परशुराम का प्राकोट्यय मनाया : झालावाड के मूर्ति चौराहा पर स्थित श्री खेजड़ी के बालाजी मन्दिर परिसर में मंगलवार को भगवान श्री परशुराम सेवा समिति द्वारा भगवान श्री परशुराम जी का प्राकट्यय महोत्सव सभी धर्मो के भक्तों/अनुयायी ने मनाया। कार्यक्रम में सर्वप्रथम पण्डित विनोद शर्मा श्रीराम ने भगवान श्री परशुरामजी की तस्वीर पर पूजा अर्चना परशुरामजी के जयकारे के साथ दीप प्रज्जवलित किया। इस अवसर पर समिति के सदस्य ओम पाठक ने भगवान श्री परशुराम के जीवन चरित्र के बताया तथा यह प्राकट्यय महोत्सव पर पर आज सभी धर्मो के अनुयायियों ने मिलकर मनाया तथा समाज की कुरीतियों को दूर करने का संकल्प लिया। इतिहासकार ललित शर्मा ने भगवान श्री परशुराम के व्यक्तित्व और जीवन काल के बारे में बताया तथा उन्होंने हमेशा अधर्मियों को नाश किया। कार्यक्रम में राजकुमार शर्मा, औंकारेश्वर शर्मा, जितेन्द्र गौड़, देवेन्द्र सिंह, करण सिंह, राकेश व्यास, रमेश वैष्णव, प्रदीप कोशिक, ओमप्रकाश शर्मा, नीरज कुमार, ओम भारद्वाज, राजेन्द्र सहित उपस्थित भक्तों ने भगवान परशुराम की पूजा अर्चना में भाग लेकर अपनी मनोकामनाएं मांगी तथा देश में अमन शान्ति के लिए प्रार्थना की।

एसके आनंद का दौरा

कोटा, (निसं)। राजस्थान तकनीकी विश्वविद्यालय (आरटीयू), कोटा में राष्ट्रीय कैडेट कोर (एनसीसी) के डिप्टी डायरेक्टर जनरल (डीडीजी), जयपुर का औपचारिक दौरा संपन्न हुआ। आरटीयू के सह-जनसंपर्क अधिकारी विक्रम राठौड़ ने बताया कि इस अवसर पर विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो.एसके सिंह ने डीडीजी का स्वागत करते हुए विद्यार्थियों को एनसीसी के महत्व पर प्रेरक उदबोधन दिया। कुलपति प्रो.एसके सिंह ने कहा कि युवा विद्यार्थियों के भविष्य को आकार देने और राष्ट्र निर्माण में योगदान देने के लिए एनसीसी (राष्ट्रीय कैडेट कोर) का महत्व बहुत अधिक है, इसके माध्यम से उन्हें अनुशासन, नेतृत्व कौशल और देशभक्ति की प्रबल भावना विकसित करने के अवसर मिलते हैं। एनसीसी का महत्व राष्ट्रीय एकता को बढ़ावा देने और युवा व्यक्तियों को नेतृत्व कौशल और नागरिक कर्तव्य की भावना विकसित करने के लिए एक मंच के रूप में सेवा करने में इसकी भूमिका में निहित है। एनसीसी छात्रों में अनुशासन, नेतृत्व और राष्ट्रप्रेम की भावना का विकास करती है। विश्वविद्यालय को गर्व है कि हमारे कैडेट्स समर्पण और उत्कृष्टता का उदाहरण प्रस्तुत कर रहे हैं।

खोया पाया

सुनीता गुप्ता पत्नी अनिल कुमार गुप्ता 3-N-2 गणेश मंदिर के पास विस्तार योजना कोटा का निरस्तीकरण पत्र गुम हो गया है, किसी को मिलने पर सूचित करें: 9829063299

आम सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि संतोष कुमार पुत्र स्व. श्री उत्तमचंद निवासी प्लाट संख्या 3 टीचर्स कोलोनी गुमानपुरा कोटा राजस्थान के कब्जे स्वामित्व का एक प्लाट संख्या 3 कार्नर पैमाईश 923 वर्गफुट का वाके टीचर्स कोलोनी गुमानपुरा कोटा राजस्थान में स्थित है। जिसमें नीचे की मंजिल में 5 दुकाने निर्मित है उक्त दुकानों के संबंध में मेरे पक्षकार ने किसी भी दीगर व्यक्ति के पक्ष में इकरार नामा, मुख्तार नामा वसीयत नामा नहीं कर रखा है तथा विजय आहुजा निवासी 1458-1459, बसन्त विहार दादाबाड़ी कोटा द्वारा कूटरचित दस्तावेजों के आधार पर उक्त दुकानों को विक्रय करने पर आमदा है। कोई भी दीगर व्यक्ति उक्त दुकानों के संबंध में विजय आहुजा से किसी प्रकार का संव्यवहार नहीं करें अन्यथा भविष्य में होने वाले समस्त वाद विवादों के लिए वह स्वयं जिम्मेदार होगा।

कोटा
दिनांक: 29.04.2025

भवदीय
मुकेश शर्मा एडवोकेट

पश्चिम मध्य रेल

निविदा सूचना

भारत संघ के राष्ट्रपति के लिए एवं उनकी ओर से वरि.मं.सं. एवं दू.सं. इंजी. (सिग्नल एवं दूर संचार) पश्चिम मध्य रेलवे, कोटा मंडल, निम्नलिखित कार्यों Tender No. KOTA/S&T/Tele/2024/04R के लिये निर्धारित ई-निविदाएं आमंत्रित करते हैं। टेण्डर खुलने की तारीख एवं समय 23.05.2025 को 15:00 बजे है। इस निविदा के लिये किसी भी तरह के मैन्युअल प्रस्तावों की अनुमति नहीं है और किसी भी तरह के प्राप्त मैन्युअल प्रस्ताव को नजरअंदाज कर दिया जायेगा। **(1) टेण्डर सं:** कोटा/एसएण्डटी/टेली/2024/04आर **कार्य का नाम: (I)** प्रोवीजन ऑफ 24 न्यू रेलनेट आईपी कनेक्शन एट वर्कशॉप एकाउंटस् यूनिट कोटा डिवीजन डब्ल्यूसीआर। **(II)** प्रोवीजन ऑफ क्लोज्ड सर्किट टीवी कैमरा (सीसीटीवी) सिस्टम एट गुडस् शेड ऑफ बारां स्टेशन कोटा डिवीजन डब्ल्यूसीआर। **(III)** टेलीकॉम वर्क फॉर प्रोवीजन ऑफ सीसीटीवी एट रेलवे हॉस्पिटल ऑफ कोटा डिवीजन। **(IV)** टेलीकॉम वर्क फॉर प्रोवीजन ऑफ सीसीटीवी एट रनिंग रूम एमटीपीसी ऑफ कोटा डिवीजन। **(V)** टेलीकॉम वर्क इन कनेक्शन विथ अगमेन्टेशन ऑफ ईएलएस/ टीकेडी फॉर हॉल्डिंग 300 लोकोमोटिव्स् **(VI)** प्रोविजन ऑफ़ रेलनेट ऐट ऐआरटी शेड एक्सटेंशन एंड अपग्रेडेशन ऑफ़ टेलिकॉम फॉर ऐआरटी - ऐआरएमवी कोटा एंडर्ड गंगापुर ऑफ़ कोटा डिवीज़न एस पर न्यू स्टैण्डर्ड कोटा डिवीजन, पश्चिम मध्य रेलवे **कार्य की अनुमानित लागत:** ₹ 10748359.72/- **टेण्डर फॉर्म की कीमत:** निल **बयाना राशि:** ₹ 203800.00/- **कार्य समाप्ति अवधि:** 12 माह **टेण्डर जमा करने आखिरी तारीख एवं समय:** दिनांक 23.05.2025 को 15.00 बजे तक. पूर्ण विवरण वेबसाइट http://www.ireps.gov.in पर अपलोड किया गया हैं। निविदा/बोलीदाताओं के पास कक्षा III डिजिटल हस्ताक्षर प्रमाणपत्र होना आवश्यक है और आई.आर.ई.पी.एस. पोर्टल पर रजिस्टर होना चाहिये। केवल पंजीकृत निविदा/बोलीदाताओं ई-टेण्डरिंग में भाग ले सकते हैं। सभी आवश्यक दस्तावेज ई-निविदा में भाग लेने के समय अपलोड किया जाना चाहिये। पंजीकृत निविदा एण्ड GSTIN रजिस्टर होना चाहिये।

(हस्ता.)
वरि.मं.सं.एवं दू.सं.इंजी. (समन्वय)
पश्चिम मध्य रेलवे, कोटा मण्डल

स्वच्छ भारत अभियान एक कदम स्वच्छता की ओर

संविधान बचाओ रैली में पूर्व सभापति मनीष शुक्ला के नेतृत्व में जयपुर पहुंचे

■ **40 गाड़ियों का काफिला लेकर पहुंचे सैकड़ों कार्यकर्ता**

कोटा/ झालावाड़, अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के द्वारा जयपुर में आयोजित संविधान बचाओ रैली में पूर्व सभापति मनीष शुक्ला के नेतृत्व में 40 गाड़ियों का काफिला संविधान बचाओ रैली में कांग्रेसी कार्यकर्ताओ के साथ शामिल हुआ,. शुक्ला ने बताया झालावाड़ से गाड़ियों को कांठोस पार्टी का झंडा दिखा कर जयपुर के रवाना किया गया।

इस दौरान शुक्ला ने अपने वक्तव्य में मोदी सरकार की संविधान विरोधी गतिविधियों पर गहरी चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि देश में संविधान कि धज्जिया उड़ाई जा रही जैसे कि सरकारी एजेंसियो का दुरूपयोग करना, मनमाने तेरीको से प्रदेश कि सरकारों को गिरना, महाराष्ट्र चुनाव एक साथ इतने वोटो का बढ़ना एवं ठीक दिल्ली चुनाव में भी इसी तरह मनमाने तरीके से वोटो का बढ़ना भाजपा के लिये फायदेमंद सिद्ध हुआ व एनकेन प्रकरण वे सत्ता में काबिज होती जा रही है जो कि इस देश कि लोकतान्त्रिक प्रणाली में संविधान के तहत सही नहीं है, इसी मामले को लेकर कांठोस पार्टी के शीर्ष नेतृत्व एवं राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकाअर्जुन खड़गे, संगठन महासचिव के. सी.वेणुगोपाल, प्रभारी राजस्थान सुखजिंदर सिंह रंधावा, पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गेहलोत, एआईसीसी महासचिव एवं छत्तीसगढ़ प्रभारी सचिन पायलट, राजस्थान कांठोस कमेटी अध्यक्ष गोविन्द सिंह डोटासरा, पूर्व विधानसभा अध्यक्ष डॉ. सी.पी.जोशी, पूर्व केंद्रीय मंत्री भंवर जितेंद्र सिंह, नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जुली एवं सह प्रभारी राजस्थान सहित अनेको कां